मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शनिवार, 17 अगस्त 2024
संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष 13 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 336, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028







## कोलकात्ता में डॉ की हत्या का मामला

# निजी अस्पतालों के डॉक्टरों का संयुक्त विरोध प्रदर्शन

**मेट्रो रेज**

**रांची :** कोलकाता में महिला रेजिडेंट चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने आज 17 अगस्त को देशभर के सभी छोटे व बड़े अस्पतालों 24 घंटे के कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। आईएमए के आह्वान पर देश के सभी डॉक्टर 24 घंटे की हड़ताल चल रही है। इसी कड़ी में आज शनिवार को रांची के सभी निजी अस्पतालों ने संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया। जेडीए, रिम्स, आईएमए, झासा, आरडीए, सीआईपी और एएचपीआई रिम्स परिसर से मार्च करते हुए आईएमए भवन पहुंचे और यहां परिसर में अपना विरोध प्रदर्शन किया।




बता दें कि झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में भी चिकित्सकों का आंदोलन और हड़ताल जारी है। डॉक्टर्स का कहना है कि जिस प्रकार आज देश की बेटी दरिंदो का शिकार हो गयी। दोबारा किसी बेटी के साथ ऐसा कुछ ना हो, इसलिए हजारों की संख्या में डॉक्टर्स रिम्स परिसर में पहुंचे हैं। राज्य भर के चिकित्सकों ने पुरजोर प्रदर्शन कर अपराधी को गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग कर रहे हैं। रिम्स में कार्यरत महिला डॉक्टरों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हम तमाम रांची के डॉक्टर विरोध प्रकट करने को लेकर रिम्स पहुंचे हैं। हम बहुत दुखी है, क्योंकि छोटी उम्र की महिला डॉक्टर, जो रात दिन लोगों की सहायता में लगी रहती है। मगर उन्हें क्या मिलता है। इस प्रकार की घटना से मन विचलित है। ऐसे दरिंदो को सरकार तुरंत फांसी की सजा दे।

## सीडीपीओ सदर सहित 07 महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज, वेतन भी स्थगित



**रांची:** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अनुश्रवण में लापरवाही पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कार्रवाई की गयी है। योजना के अनुश्रवण में लापरवाही एवं लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त नहीं करने पर रांची सदर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित सात महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज किया गया है, साथ ही संतोषप्रद स्पष्टीकरण पाये जाने तक सभी का वेतन भी स्थगित कर दिया गया है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में लाभुकों की संख्या अनुरूप आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित अंचल अधिकारी के पास जमा नहीं होने की सूचना पर सत्यापन कराया गया। वार्ड-36 अरगोड़ा एवं नगड़ी अंचल के सत्यापन के क्रम में सेविकाओं द्वारा इंट्री हुए आवेदन को अपने पास रखने, अर्हत्ताधारी लाभुकों का सर्वेक्षण नहीं करने तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने का मामला संज्ञान में आया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है।सदर सीडीपीओ सहित सात महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज करते हुए सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि किन परिस्थितियों में योजना का अनुश्रवण नियमित रूप से नहीं किया गया, क्यों न इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में बरती गई शिथिलता एवं लापरवारी को देखते हुएअनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाये।

**जिन्हें किया गया शो-कॉज**

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रांची सदर,अंजना दास, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर रंजना तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर,संगीता कच्छप, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, मनीषा ज्योति, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर,कुमारी सुनीता, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर,ज्योति बाला, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, किरण कुमारी शर्मा, महिला पर्यवेक्षिका, – रांची सदर,

WITH BEST COMPLEMENTS FROM
ADITYA BIRLA
HINDALCO
HINDALKO INDUSTRELS LIMITED
MURI WORKS: CHOTI MURI
DISTRICK: RANCHI
JHARKHAND

## साबरमती एक्सप्रेस के 20 डब्बे पटरी से उतरे

### कोई हताहत नहीं, कई ट्रेनों के रूट बदले गये



**नई दिल्ली:** यूपी से ट्रेन हादसे की खबर आ रही है। जानकारी के अनुसार, वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शनिवार तड़के पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हदसे को लेकर उत्तर-मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन तड़के ढाई बजे बेपटरी हुई। साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे कानपुर और भीमसेन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से उतर गए।

**साबरमती एक्सप्रेस कैसे उतरी पटरी से:** शशिकांत त्रिपाठी ने बताया, ड्राइवर से पूछताछ की गई। इसके बाद पता चला कि ट्रेन के इंजन से कोई बड़ा पत्थर टकरा गया। इससे संभवतः यह हादसा हुआ। ट्रेन में इंजन के अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगा कैटल गार्ड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया।

**हादसे की वजह से कितनी ट्रेन हुई रद्द:**

रेलवे के अनुसार, हादसे की वजह से 7 ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि 3 के मार्ग में बदलाव किया गया है। शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों को बस से कानपुर सेंट्रल स्टेशन भेजा गया है, जहां से उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 8 डिब्बों वाली एक मेमू ट्रेन को कानपुर से दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया, ताकि यात्रियों को कानपुर लाकर उन्हें उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की जा सके। रेलवे के अनुसार, इस हादसे की वजह से कानपुर-झांसी मार्ग पर ट्रेन परिचालन बाधित हुआ है। इसे बहाल करने के लिए रेलवे के तकनीकी अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

**साबरमती एक्सप्रेस कितने बजे हुई बेपटरी:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस (वाराणसी-अमदावाद) का इंजन शनिवार तड़के 2।35 बजे कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। तेजी से टकराने के निशान देखे गए हैं। साक्ष्य को सुरक्षित रखा गया हैं। आईबी और यूपी पुलिस भी जांच में जुट गई है। यात्रियों या कर्मचारियों को किसी भी तरह की चोट लगने की खबर नहीं है। यात्रियों की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन की व्यवस्था की गई है।

## रांची विवि में इंटरमीडिएट में नामांकन 24 से



**रांची:** रांची विवि अंतर्गत इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया 24 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए 24 अगस्त को एडमिशन पोर्टल खोला जायेगा। शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने एडमिशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी करवाया। बता दें कि इससे पहले एबीवीपी ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का लगभग देढ़ घंटे तक घेराव किया था। इस दौरान नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं होने से गुस्साए एबीवीपी के सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी भी की थी। सभी इंटर में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए धरने पर बैठ गए थे। अंत में कुलपति को नोटिफिकेशन जारी करना पड़ा।

## तालाब से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**किरीबुरू :** जेटेया थाना अन्तर्गत कातिकोड़ा गांव स्थित तालाब से 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शनिवार की सुबह कातिकोड़ा गांव के तालाब के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव गांव के लोगों ने देखा। ग्रामीणों ने जेटेया थाना को इसकी सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृत अज्ञात व्यक्ति की उम्र 65 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु चाईबासा भेज दिया।

## सीएम ने की डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में जारी डॉक्टरों की हड़ताल के बीच मरीजों से काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की हालिया घटना की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। मुख्यमंत्री सोरेन ने बताया कि बंगाल और केंद्र सरकार की एजेंसियां दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रयत्नशील हैं और उन्होंने आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।




### हवलदार के परिवार को सरकारी नौकरी और 1.29 करोड़ मुआवजा

रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हजारीबाग जिला बल के हवलदार स्व चौहान हेम्ब्रम के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हवलदार स्व चौहान हेम्ब्रम की पत्नी जोमोती देवी, पुत्र श्री महेश हेम्ब्रम तथा पुत्री सुश्री स्वाति हेम्ब्रम सहित अन्य परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। डीजीपी सहित वरीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।






# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

## डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




मेट्रो रेज

**डोमचांच:** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल डोमचांच के प्रागण में विद्यालय के निर्देशक सुनील कुमार द्वारा राष्ट्र ध्वजारोहन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्र गान गाकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गयी। मौक पर उपस्थित विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक, गीत संगीत, भाषण, और कई संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। देशभक्ति के इसी वातावरण में विद्यालय के छात्रों ने एक शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गणेश सर एवं अध्यक्षता निर्देशक दिलीप कुमार यादव ने किया। मौके पर उपस्थित सुनील कुमार ने बच्चों को राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र भक्ति, और अमर शहीदों के कुबार्नी को सदा-सदा के लिए याद रखने की बात कही। निर्देशक दिलीप कुमार यादव ने कहा 15 अगस्त 1947 का दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सदियों के संघर्ष बलिदान और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मौके पर प्रधानाचार्य रंजीत साव, अमन सर, राजदीप दास, अनुज मेहता, श्रवण यादव, सुमंत मिश्रा, इंद्रेश सर, रोहित शर्मा, प्रीती मिस, रानी मिस, शालिनी बर्णवाल, खुशबू बर्णवाल, नेहा कुमारी, हनी मिस, सपना यादव, शिवानी सिंह, सुनीता राणा, कविता सिंह, सहित हजारों के संख्या में बच्चे और ग्रामीण उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन और समापन विद्यालय के निर्देशक दिलीप कुमार यादव ने किया।

## विनय सिंह ने किया ध्वजारोहण मना आजादी का जश्न




**कोडरमाः** देशभर में बृहस्पतिवार को आजादी का जश्न मनाने के साथ 78 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर कोडरमा रांची- पटना रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वरिष्ट समाजसेवी विनय सिंह के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों ने तिरंगे झंडे को सलामी देकर राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति नारा लगाया गया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर समाजसेवी विनय सिंह ने कहा भारतीय संस्कृति एवं आजादी की 78 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया एवं अपने स्लोगन में ये कहा कि उन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को नमन किया व उनके सहादत को याद कर रहे हैं मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दी और कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थ-व्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह सफलता किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निमार्ताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है। मौके पर समाजसेवी विनय सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, प्रोफेसर राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल, प्रदीप कुमार पाण्डेय, विश्वनाथ सिंह, सुंदर सोनी, नवीन लाल व अन्य मौजूद हैं।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)
गुमला जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती–2024

परीक्षा तिथि–18/08/2024

गुमला जिलाअन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा प्रतियोगिता दिनांक–18.08.2024 को निर्धारित है, परीक्षा तिथि को सभी परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से निम्न दस्तावेज साथ लेकर परीक्षा केन्द्र आयेंगे :–

1 प्रवेश पत्र (Admit Card)
2 दो कलर फोटोग्राफ
3 फोटो युक्त पहचान पत्र
4 पेन (काला/नीला बॉल पांइन्ट पेन)

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, गुमला।

PR 332970 District(24-25)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालिन ई–निविदा संख्या:- **03/2024-25/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **16.08.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/01/2024-25/MMGSY | गोला | संग्रामपुर पंचायत ग्राम सरलाकलां में रूपलाल महतो के घर से बेदिया जारा तक पथ निर्माण कार्य। (3.260 कि0मी0) | 243.155 | 12 माह |
| 2 | RWD/RAMGARH/02/2024-25/MMGSY | गोला | ग्राम परसाडीह से कनीडीह तक पथ निर्माण कार्य। (1.515 कि0मी0) | 166.780 | 12 माह |
| 3 | RWD/RAMGARH/03/2024-25/MMGSY | रामगढ़ | कुन्दरूकलां के सुन्दरलाल महतो के घर से नौवा बगीचा होते हुए सरैया लाल मोहन महतो के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.000 कि0मी0) | 121.382 | 09 माह |
| 4 | RWD/RAMGARH/04/2024-25/MMGSY | रामगढ़ | लवालौंग शैलेश चौधारी के घर से खैरा सौड़ा होते हुए लुकया तक पथ निर्माण कार्य। (1.600 कि0मी0) | 141.464 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **20.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **27.08.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 332913 Rural Work Department (24-25)_D


## भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है नगर परिषद : सईद नसीम



**झुमरी तिलैया (कोडरमा):** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने उपायुक्त कोडरमा को पत्र लिखकर नगर परिषद झुमरी तिलैया में ही रहे लगातार भ्रष्टाचार पर ध्यान आकृष्ट करावाते हुए कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी के प्रश्रय में सतीश कुमार द्वारा 9 क्लॉथ पेपर/ सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन खरीददारी के लिए जेम्स वेब पोर्टल से निविदा निकली गई है जिसका बिड मूल्य 20,00000/- बीस लाख रुपये है. और अंतिम तिथि 16.08.2024 है.। जबकि जेम्स वेब पोर्टल पर उक्त वेंडिंग मशीन 2,000/- रुपये से लेकर 80,000/- रुपये तक में उपलब्ध है ' मतलब यदि बढ़िया से बढ़िया और सबसे महंगा वेंडिंग मशीन खरीदा जाये तो अधिकतम 7,20,000/- रुपये का ही आयेगा, फिर इसके लिए 20,00000/- रुपये खर्च किया जायेगा। उन्होंने पत्र में कहा कि स्पष्ट है कि सरकारी राशी का मिलीभगत से बंदरबांट करने में संलिप्त है।

## सोनुवां के दिवंगत गिरवर मिंज को जिला मुख्यालय में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि




विनय मिश्रा

**पश्चिमी सिंहभूमः** जिला अंतर्गत सोनुआ प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरवर मिंज के दुखद देहावसान उपरांत उन्हें सदर अस्पताल परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सिंहभूम सांसद, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, चाक धारपुर/सादर चाईबासा/जगन्नाथपुर, जिला के सभी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य द्वारा पुष्प चक्र अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## हर्षो उल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**सिल्लीः** प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरकारी व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण हुआ। केजेपी कार्यालय में पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व विधायक अमित महतो थाना परिसर में थाना प्रभारी मोहित कुमार सिल्ली कॉलेज सिल्ली में प्राचार्य डॉ अनन्त कुमार महतो ने ध्वजारोहण किया। वही ग्रामीण क्षेत्र में उतनी हर्ष नही देखी गई। इस अवसर पर अमित महतो ने कहा 15 अगस्त 1947 वह भाग्यशाली दिन था जब भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स्वतंत्र घोषित किया गया और नियंत्रण की बागडोर देश के नेताओं को सौंप दी गई। भारत द्वारा आजादी पाना उसका भाग्य था, क्योंकि स्वतंत्रता संघर्ष काफी लम्बे समय चला और यह एक थका देने वाला अनुभव था, जिसमें अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन कुर्बान कर दिए।

## टूटकी नवाडीह में डायरिया का प्रकोप, प्राइवेट हॉस्पिटलों में इलाज कराने का मजबूर लोग

**सिल्लीः** प्रखंड के टूटकी नवाडीह गांव में डायरिया का प्रकोप की खबर प्रकाश में आयी है। कई लोग उल्टी दस्त की शिकायत के बाद प्राइवेट अस्पताल राहत नर्सिंग होम सिल्ली और सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी में इलाच करा रहे है । पीड़ित परिवार के लोगों की माने तो सरकारी अस्पताल में लोग इसलिए नहीं जाना चाहते हैं कि वहां बहुत लापरवाही है चिकित्सा के नाम पर महज खानापूर्ति होती है अंततः आखिर में प्राइवेट हॉस्पिटल में रेफर कर दिया जाता है। ग्रामीण प्राथमिक रूप से पेयजल के माध्यम से संक्रमण फैलने का अंदेशा जता रहे हैं और लोग डरे सहमे है। स्वास्थ्य सेंटर बना है गांवों का शोभा की वस्तु :प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव कोंचो, लोवादाग, झाबरी, कुलसूद नवाडीह, गोड़ाडीह, हलमाद, रामपुर आदि गांवों में लाखों की राशि खर्च कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया गया है. लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है केंद्रों में अक्सर ताला लगा रहता है। शिक्षित ग्रामीण कहते हैं ताम -झाम के साथ शिलान्यास किया जाता है इस दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी-बड़ी बातें होती है लेकिन भवन बन जाने के बाद क्या स्थिति है इसको कोई देखने वाला कोई नही। विकास योजना चाहे कोई भी हो खर्च की जाने वाली राशि जनता गाढ़ी कमाई की है लेकिन इस बात को जनता समझना नही चाहती, जिसका लाभ संबंधित विभागीय अधिकारी और उनसे संबंध रखने वाले लोग उठा रहे है।

## सीसीएल निदेशक ने बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में किया ध्वजारोहण




रांची:सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखण्ड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की और उन्हें सलाह दी कि वे खुद के लिए एक मानक स्थापित करें ताकि भविष्य में और अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकें। श्री मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में ध्वजारोहण किया और कहा कि वास्तव में खिलाड़ी अपने आप से ही प्रतिस्पर्धा करते हैं और दूसरों के लिए एक मानक स्थापित करते हैं ।

इस राष्ट्रीयपर्व के अवसर पर डायरेक्टरेट ऑफ स्पोर्ट्स( झारखंड ) के संयुक्त सचिव राज किशोर खाखा कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जेएसएसपीएस, एलएमसी के सदस्यगण एवं सीईओ जीके.राठौर, विभिन्न खेलो के प्रशिक्षकगण, सीसीएल के अधिकारीगण एवं अन्य अतिथिगण स्पोर्ट्स अकादमी, खेलगांव में उपस्थित थे। जेएसएसपीएस के कैडेट्स ने परेड में भाग लिया और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## जीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

### बच्चों ने प्रस्तुत किया आकर्षक पिरामिड व बैंड, सभी को जीएस. पब्लिक स्कूल की तरफ से 78 वें स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं : निदेशक




मेट्रो रेज

**डोमचांच:** जीएस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में 15 अगस्त को बड़े ही धूम-धाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। साथ ही सभी बच्चों के हाथों में तिरंगे लहराते हुए दिखें बतादे की भारत देश के स्वतंत्रता की 78 वां साल होने का भारत देश में हर घर तिरंगा महोत्सव के तहत विद्यालय में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी एवं अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा हर घर तिरंगा महोत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं आजादी की 78 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया एवं अपने स्लोगन में ये कहा कि उन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को नमन किया व उनके सहादत को याद किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी को ढेरों शुभकामनाएं दी, एवं अपने संबोधन में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया एवं कहा की संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 को आजादी के 78 वां वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने अपने दल-बल के साथ शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में बहुत सारे समाजसेवी लोग अभिभावक गण तथा बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी स्वतंत्रता दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दी साथ बच्चों हौसले को बढ़ाया। उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी संबोधित कर ढेरों बधाई दी एवं देश के वीर जवानों के सहादत को याद किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करने वालों में पिरामिड फार्मेशन, नागपुरी व संथाली डांस ने सबों का मन मोहा साथ स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं में मंच संचालन में शिक्षिका सना परवीन विद्यालय कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन की भूमिका सराहनीय रही साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक इल्यास अंसारी, के के पाठक, ममता सिन्हा, रविकांत कुमार, शुभम मगाधिया, अमनदीप कुमार, सुनील शर्मा, ललित मेहता,निरंजन दास,राजीव रंजन, देवानंद कुमार, प्रीति प्रिया, अनीता थापा, रूबी कुमारी, आरुषि सिंह की मुख्य भूमिका रही साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं मे गुलाब चंद साह, आशीष मोदी, रामलखन, नेहा कुमारी,अनुज सिन्हा, काजल साव, सुशीला कुमारी, मंजू कुमारी, दिगम्बर पांडेय, पवन मेहता, जितेंद्र कुमार, नीरज साव, स्नेहलता सिन्हा, शिव कुमार,नवाज,सम्मा परवीन, नेहा गुप्ता, नेहा ब्रपुरिया, सुनीता बारा, सुभ्रा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, जानकी साव, रंजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ने अपनी भागीदारी निभाते हुए सभी को ढेरों बधाई दी।


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 05 /2024-25 Date:-16-08-2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Pathway in Residence of Principal District & Sessions Judge Hazaribag | 2489588/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 2 | Emergent work for False ceiling in PLA Chairman room, Lok Adalat court room, Meditation room, Hall, Lounge room, office with corridor waiting area etc. and installation of AC at DLSA Building in Civil Court, Hazaribag | 1744000/- | 35000/- | 5000/- | 03 Month |
| 3 | Emergent work of Re-development of Entire Kitchen Units of all the Judiciary Quarters at Carmel, Hazaribag | 2483300/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 4 | Emergent work of Repair and refurbishment of the broken court wooden infrastructure door in civil court Hazaribag | 2496200/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 5 | Construction of Night Guard Room in Civil Court, Hazaribagh | 2040600/- | 41000/- | 5000/- | 03 Month |
| 6 | Construction of Night Guard Room in the Residence of Principal Family Judge , Hazaribag ,District- Hazaribag | 2040600/- | 41000/- | 5000/- | 03 Month |
| 7 | Construction of 3Nos of Porta Cabin in Civil Court Hazaribag ,District- Hazaribag | 897500/- | 18000/- | 1250/- | 02 Month |
| 8 | Construction of Shed around eSeva Kendra(Porta Cabin) and Paver Block in Civil Court Hazaribag ,District- Hazaribag | 2474000/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 9 | Construction of Car Shed between the Magistrate Building and Hazat Building in Civil Court Hazaribag ,District- Hazaribag | 2489900/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 10 | Construction of Motorcycle Shed between Registrar's Residence and outer Boundary Wall of the Campus of the Civil Court, Hazaribag | 2473300/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 11 | Emergent work of change of the broken court wooden infrastructure window in civil court, Hazaribag | 2427300/- | 49000/- | 5000/- | 03 Month |
| 12 | Construction of Sliding Aluminium Door for the in-built racks and shelves in all the Judiciary Quarters at Carmel, Hazaribag | 1724000/- | 35000/- | 5000/- | 03 Month |
| 13 | Construction of Night Guard Room in the Campus of Judges Sarvday Colony ,Hazaribag, District - Hazaribag for the year 2023-24 | 1895574/- | 38000/- | 5000/- | 03 Month |
| 14 | Repair Work of Registrar (Civil Court ) Quarter at Hazaribag | 1975385/- | 40000/- | 5000/- | 03 Month |
| 15 | Emergent Work of Stainless Steel Railing of Ground between FTC Building and Registrar Residence building in Civil Court Hazaribag , District - Hazaribag | 1344514/- | 27000/- | 2500/- | 03 Month |
| 16 | Emergent work of Car Parking Shed in front of DLSA Building in Civil Court , Hazaribag, Dist- Hazaribag | 713200/- | 15000/- | 1250/- | 02 Month |
| 17 | Renovation of Block-B Judicial Quarter Situated at Mazar Road at Hazaribag,for the year of 2023-24 | 1698830/- | 34000/- | 5000/- | 03 Month |
| 18 | Renovation of Main Entrance Gates of civil court , Hazaribagh, District- Hazaribagh. | 605100/- | 13000/- | 1250/- | 02 Month |
| 19 | Construction of MS Stair of Main administrative Building, Civil Court and raising of Height of water tank in the Main Administrative Building Civil court Hazaribagh, District- Hazaribagh. | 673400/- | 14000/- | 1250/- | 02 Month |
| 20 | Construction of Santari Post at Entrace Gate in the residence of Principal District & Session Judge Hazaribagh, District- Hazaribagh. | 690600/- | 14000/- | 1250/- | 02 Month |
| 21 | Emergent work of stainless steel railing of ground between CJM Court Building and Sub Judge building in civil court , Hazaribagh, District- Hazaribagh. | 1819800/- | 37000/- | 5000/- | 03 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 21-08-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 27-08-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 332945 Building (24-25)_D

# उपविकास आयुक्त ने सरायकेला-खरसवां जिले को दी विकास की गति

**बिनय मिश्रा –**

सरायकेला-खरसवां के उपविकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार के योगदान देने के पश्चात से सरायकेला-खरसवां जिला में विकास गति काफी तेज हुयी है। उपविकास आयुक्त के द्वारा जिला अधीन सभी प्रखण्डों में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए किये जा रहे बेहतर कार्य और समन्वय काफी सार्थक सिद्ध हुयी है। श्री बरदियार के लम्बे प्रशासनिक दक्षता का ही यह परिणाम है कि वे जहां भी पदस्थापित रहें अपने बेहतर कार्य से उक्त जिला को काफी विकास गति दी। साहेबगंज जिला में भी अपने पदस्थापनाकाल के दौरान श्री बरदियार ने जिला में व्यापक रूप से विकास कार्यों को मुर्त रूप दिया और इसका सार्थक परिणाम यह रहा कि साहेबगंज जिला विकास के



मामले में काफी बेहतर साबित हुआ। तत्पश्चात इनका तबादला सरायकेला-खरसवां जिला में हुआ और अपने पदस्थापनाकाल के पश्चात से उन्होंने जिला में बेहतर समन्वय और सामंजस्य स्थापित कर सभी प्रखण्डों में विकास गति को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर पहल भी किया और वर्तमान समय में इसका सार्थक परिणाम यह आया कि यह जिला में विकास कार्य बेहतर होने के साथ-साथ काफी कारगर भी है। इससे पूर्व वे पश्चिम सिंहभूम जिला में क्षेत्र परिवहन पदाधिकारी और डीआरडीए के निदेशक भी रह चुके हैं। कार्यों के प्रति समर्पित मृदुभाषी और अपने जवाबदेही के प्रति निरंतर सतत प्रयत्नशील रहने वाले श्री बरदियार जैसे अधिकारी से जिला और राज्य दोनों गौरवान्वित होता है।

# शिक्षक संघ ने लिपिकों के हड़ताल का किया समर्थन

**लातेहार:** माध्यमिक शिक्षक संघ ने लिपिक (शिक्षा संवर्ग) के हड़ताल का समर्थन किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल धरना स्थल पर पहुंचे और लिपिकों के हड़ताल का समर्थन किया। बता दें कि बीते 14 अगस्त से झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के तत्वावधान में लातेहार जिला के लिपिक ( शिक्षा संवर्ग) अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल में हैं। झारखंड राज्य के सभी लिपिकों का न्यूनतम ग्रेड पे-2400 रुपए करने, सभी विभागों के लिपिकों का एक समान सेवाशर्त और प्रोन्नति नियमावली लागू करने की मांग को लेकर लिपिकों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है।

# सेल अस्पताल के चिकित्सकों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**किरीबुरू :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के विरोध में शनिवार को सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जनरल अस्पताल के चिकित्सकों व पारा मेडिकल स्टाफ ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। सभी ने उक्त घटना की कड़ी निंदा की और विरोध जताया। इस आंदोलन में अस्पताल की सीएमओ डानंदी जेराई, डॉ पीआर सिंह, डॉ सोना झरिया कुल्लू, डामधुसुदन दास, डॉ बीके सिंह, डॉ अर्चना बेक, डॉ सरस्वती खलको, डॉ मनोज कुमार, डॉ केवीबी बसंता रायडू, डॉ सुमीधा कुमारी पूजा, डॉ हरेन्द्र कुमार, डॉ करण सौरभ आदि शामिल हैं। सभी चिकित्सकों ने दोषियों को फांसी की सजा देने तथा चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग की।

उल्लेखनीय है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आह्वान पर उक्त घटना के विरोध में शनिवार सुबह 6 बजे से पूरे देश भर के चिकित्सक हड़ताल पर हैं। यह रविवार सुबह 6 बजे तक चलेगी। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में 24 घंटे हड़ताल का आह्वान किया गया है। आइएमए के प्रमुख डॉ आरवी अशोकन ने कहा है कि देश भर के सभी अस्पतालों को हवाई अड्डों की तरह सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए, ताकि डॉक्टर बिना किसी डर के काम कर सकें।

# बरडीह गांव के समीप गला रेत कर एक व्यक्ति की हत्या

मेंट्रो रेज

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पास बालपोसटांड़ में एक अज्ञात व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है की शनिवार को बरडीह गांव के खेत में काम करने जाने के दौरान कुछ ग्रामीणों ने सड़क पर एक मृत व्यक्ति का शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कराईकेला थाना को दी।






































